वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)

Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)

Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

पत्रांक–3475 /VMSBUTU/2023 दिनाँक 13,फरवरी,2023

परीक्षार्थियों हेतु सूचना

- मूल्यांकन कार्य सम्पन्न होने के उपरान्त एवं परीक्षाफल घोषित होने से पूर्व समस्त मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकायें Student Login में निःशुल्क View की जा सकेगी। मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकायें एक निर्धारित अवधि के लिये पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार देखी जा सकती है। उत्तर पुस्तिकाओं को देखने के लिए विश्वविद्यालय स्तर से एक Schedule जारी किया जायेगा।

- प्रत्येक छात्र–छात्रा अपने Login में अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को देख सकता है। यदि किसी छात्र–छात्रा को किसी विषय की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका में आपत्ति है तो वह पुर्नमूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन Student Login में उपलब्ध रहेगा। छात्र–छात्रा स्वयं ही Net Banking, UPI अथवा अन्य ऑनलाइन के माध्यम से शुल्क जमा कर सकेंगे।

- छात्र–छात्रायें परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों में ही अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकायें निःशुल्क देख सकते है एवं पुर्नमूल्यांकन के लिए निर्धारित शुल्क जमा कर इस अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क रू0 3000/– जमा करते हुए प्रति विषय को पुर्नमूल्यांकन किये जाने के अनुरोध पर संबंधित उत्तर पुस्तिका का पुर्नमूल्यांकन विषय से संबंधित 02 अन्य परीक्षकों से कराया जायेगा। अंकों में परिवर्तन 02 नये मूल्यांकनकर्ता परीक्षकों द्वारा प्रदत्त अकों के औसत अंक द्वारा पहले परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंक से भिन्न होने की दशा में पुराने अंको को नये औसत अंक द्वारा प्रतिस्थापित कर किया जायेगा, चाहें अंक बढ़े या घटें। परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त यदि कोई छात्र मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की मांग करता है तो ऐसी स्थिति में उसे निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करायी जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
3. निदेशक/प्राचार्य,समस्त सम्बद्ध संस्थान, वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून, उत्तराखण्ड को इस अनुरोध के साथ कि संस्थान में समस्त छात्र–छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करें।
4. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0, देहरादून।
5. वित्त नियंत्रक, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0, देहरादून।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक